26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 7 जनवरी, 2026

अंक- 75 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# करंट लगने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत

## परिजनों में कोहराम, मोहल्ले में शोक

**मुजफ्फरनगर ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उत्तरी रामपुरी में करंट लगने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में कैटरिंग का काम करने वाले विनोद पाल की बड़ी बेटी 24 वर्षीय निधि नहाने के लिए गर्म पानी कर रही थी। उसने बाल्टी में पानी गर्म करने के लिए रॉड डाली थी, बाल्टी में छेद होने के कारण पानी बाहर फर्श पर फैल गया। बताया गया कि जैसे ही निधि बाल्टी उठाने लगी, उसका पैर फर्श पर फैले पानी पर पड़ा, जिसमें करंट आ गया था। करंट लगते ही वह गिर पड़ी, उसे बचाने के लिए दौड़ी छोटी बहन 22 वर्षीय लक्ष्मी भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- आवारा कुत्तों से सड़कें खाली रखनी होंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट में आज आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई जारी है। बहस में कुत्तों के मूड, कुत्तों की काउंसलिंग, कम्युनिटी डॉग्स और इंस्टीट्यूशनलाइज्ड डॉग्स जैसे शब्द सामने आए। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, बात सिर्फ काटने की नहीं है, कुत्तों से खतरा भी होता है। दुर्घटनाओं का खतरा। आवारा कुत्तों से सड़कें खालीं रखनी होंगी। आप इसकी पहचान कैसे करेंगे? सुबह-सुबह कौन सा कुत्ता किस मूड में है, यह आप नहीं जान सकते। बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा



### वे हादसों का कारण बनते हैं, बच्चे और बड़ों को काट रहे, लोग मर रहे

जा रहा है। लोग मर रहे हैं। कपिल सिब्बल ने कहा कुत्ते ने किसी को काटा है, तो आप एक सेंटर को कॉल करें, उसे ले जाया जाएगा, उसकी नसबंदी की जाएगी और उसे वापस उसी इलाके में छोड़ दिया जाएगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं। सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल (NALSAR, हैदराबाद के लिए) ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में एक एनिमल लॉ सेंटर है। इसमें एनिमल प्रोटेक्शन में मास्टर्स कोर्स और पीजी डिप्लोमा भी है।

# सेंट्रल दिल्ली में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान हिंसा भड़की

## पांच पुलिसकर्मी घायल

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली के रामलीला मैदान के पास आज तड़के अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान स्थानीय लोगों के पथराव करने से पांच पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गये। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में रामलीला मैदान के पास तुर्कमान गेट पर फैज-ए-इलाही मस्जिद के आसपास अवैध ढांचों के खिलाफ हटाने का अभियान शुरू किया था, तभी यह घटना हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निधिन वालसन ने मीडियाकर्मियों से कहा कि लगभग 25-30 लोगों ने पुलिस टीमों पर पत्थर फेंके, जिसमें पांच पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गये। उन्होंने कहा, हमें स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। वहां एक बैंक्वेट हॉल और एक दवाखाना था, जिन्हें गिरा दिया गया है। यह अभियान रात में चलाया गया, ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि पथराव में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले एक बयान में, दिल्ली के सेंट्रल रेंज के संयुक्त आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि पूरे इलाके को सावधानीपूर्वक नौ जोन में बांटा गया था, जिनमें से प्रत्येक को अतिरिक्त उपआयुक्त रैंक के एक अधिकारी की देखरेख में रखा गया था। सभी संवेदनशील जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। विध्वंस अभियान से पहले, शांति बनाये रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से अमन समिति के सदस्यों और अन्य स्थानीय हितधारकों के साथ कई समन्वय बैठकें आयोजित की गयीं।

# वेनेजुएला अमेरिका को 30-50 मिलियन बैरल तेल देगाः ट्रंप

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल तेल देगा और यह तेल बाजार दरों पर बेचा जाएगा एवं इससे होने वाली कमाई अमेरिकी सरकार के नियंत्रण में रहेगी। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वेनेजुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला तेल सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि इससे होने वाली कमाई से वेनेजुएला और अमेरिकी दोनों नागरिकों को फायदा होगा। श्री ट्रंप ने लिखा, यह तेल बाजार मूल्य पर बेचा जाएगा और पैसा मेरे द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में नियंत्रित किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसका उपयोग वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाए। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया। तेल को जहाजों में भरकर सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारने के लिए भेजा जाएगा। यह घोषणा अमेरिकी सेना द्वारा तीन जनवरी को बड़े पैमाने पर हमले के कुछ दिनों बाद हुई है। हमले में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर गत शनिवार शाम को न्यूयॉर्क लाया गया था।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

E&periance Minimum 1 Years

( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump

Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor

246701 Ph- 9240083911

# बीडीओ ने भूख से तड़प रहे गौवंश की सुध ली

## नाराजगी जताई, ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान को व्यवस्थाओं में सुधार के दिये निर्देश

बढ़ापुर (चिंगारी)। ग्राम पंचायत सिक्कावाला की गौशाला में भूख और ठंड से लगातार हो रही गौवंश की मौत का प्रकरण बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों में सुर्खियां बनने के बाद आखिरकार जिला प्रशासन ने बेजुबान गौवंश की सुध ली है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कोतवाली, ज्योति चौधरी ने मौके पर पहुंचकर बीमार गौवंश के उपचार की जानकारी ली तथा गोशाला में व्याप्त कमियों पर नाराज़गी जताते हुए ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, विश्व हिंदू परिषद तथा गौरक्षा संगठन के नेताओं ने गोशाला में गौवंश की भूख से हो रही मौतों, मृत गौवंश के अंतिम संस्कार में मात्र औपचारिकता बरतने, गौशाला की भूमि पर अवैध कब्जों तथा गौशाला के कुप्रबंधन पर दुःख प्रकट करते हुए गुस्से का इज़हार किया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सिक्कावाला द्वारा संचालित गौशाला भूख एवं ठंड से लगातार दम तोड़ रहे गौवंश को लेकर सुर्खियों में है। उक्त गौशाला की 84 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा धारकों की फसलें लह-लहा रही हैं और गौशाला के भीतर भूख एवं ठंड से तड़प-तड़पकर बेजुबान गौवंश दम तोड़ रहे हैं। बीते 3 जनवरी को गौशाला में 73 गौवंश मौजूद थे। इन बेजुबानों को बीते चार माह से एक भी दिन हरा चारा नसीब नहीं हुआ था, केवल जिंदा रहने लायक सूखा भूसा खा-खाकर इन गौवंशों की आंतें सिकुड़ गई हैं। इनमें से कुछ गौवंश अचेत अवस्था में धरती पर बेसुध पड़े अंतिम सांसें ले रहे थे और अधिकतर गौवंश कंकाल नज़र आ रहे हैं। इन बेजुबानों के साथ हो रहे अन्याय और दयनीय स्थिति को बिजनौर टाइम समूह के समाचार-पत्रों बिजनौर टाइम्स और सांध्य दैनिक चिंगारी ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिला प्रशासन द्वारा उक्त समाचारों का संज्ञान लिए जाने के बाद आखिरकार अधिकारियों द्वारा बेजुबान गौवंशों की मौके पर पहुंचकर सुध ली गई। मंगलवार को कोतवाली ब्लॉक की बीडीओ ज्योति चौधरी ने गौशाला पहुंचकर हर एक व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की खामियों पर नाराज़गी का इज़हार करते हुए मौके पर मौजूद ग्राम पंचायत सचिव मिथुन और ग्राम प्रधान अंकित सैनी को व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने गौवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था करने, ठंड से बचाव व बीमार गौवंश के उचित उपचार प्राथमिकता के आधार पर कराने की बात कही है।



गौवंश के शव को मिट्टी में दबवाते हुए बीडीओ।

### गौशाला के प्रबंधन में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही

**बिजनौर टाइम्स समूह संवाददाता से बात करते हुए बीडीओ ज्योति चौधरी ने गौशाला के केयरटेकर की लापरवाही और कमियों को स्वीकार करते हुए कहा कि गौशाला के प्रबंधन में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलेगा।**

## भूखे गौवंश खाने लगे सूखी पत्ती



गौवंश के बैठने के स्थान पर उन्हें सर्दी से बचाने के लिए मंगलवार को एक ट्राली गन्ने की सूखी पत्ती मंगाई गई थी। ट्रॉली से जब पत्ती नीचे उतारी गई तब यकायक कुछ भूखे गौवंश सूखी पत्ती को ही खाने लग गए। जब यह सूखी पत्ती गौवंश के नीचे भी डाली गई तो सामने पड़े सूखे भूसे को छोड़कर सारे भूखे गौवंश पत्ती को ही चट कर गए। अमूमन गौवंश सूखी पत्ती नहीं खाते हैं, किंतु चार माह से लगातार सूखा भूसा मिलने से उब चुके गौवंश ने आखिरकार सूखी पत्ती खाकर ही वहां मौजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया कि उन्हें हरे चारे की जरूरत है।

### लगातार दम तोड़ रहे गौवंश

बीते 3 दिनों से गौशाला में लगातार गौवंश की मौत हो रही है। बीते शनिवार को गौशाला में दिन के समय 73 गौवंश मौजूद थे। मंगलवार को गौशाला पहुंचे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों और गौरक्षकों ने गौवंश की गिनती की तो 67 गौवंश मौजूद मिले। गौशाला के केयरटेकर नरेश के अनुसार बीते 3 दिनों में तीन गौवंश की मौत हुई है, जबकि गौवंश की गिनती में मौतों का आंकड़ा 6 पहुंच गया। यानी गौशाला में प्रतिदिन भूख, ठंड और बीमारी से 2 गौवंश की मौत हो रही है और हर दिन दो से तीन गौवंश अचेत अवस्था में पहुंच रहे हैं।


## पेड़ से उल्टा टंगा कौआ चर्चा का विषय बना



**गौवंश की मौतों के बीच गौशाला में पेड़ से उल्टा टंगा एक मृत कौआ हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, जिसे मारकर गौशाला में उल्टा टांग दिया गया है। इस संबंध में गौशाला के केयरटेकर नरेश ने बताया कि गौशाला में अचेत अवस्था में पड़े गौवंश को कौए नोच रहे थे। जब से इस कौए को गौशाला में टांगा है तब से कौए गौशाला के इर्द-गिर्द ही मंडरा रहे हैं। मृत टंगे हुए कौए को देखकर अब गौशाला में कौए आने से डर रहे हैं।**

## गौवंश के शव को कुत्तों के नोचने पर भड़के गौरक्षक

गौशाला में जिस समय बीडीओ ज्योति चौधरी निरीक्षण कर रही थीं, उसी समय गौशाला की भूमि में मृत गौवंश को दफ़नाने के लिए खोदे गए गड्ढों में मृत पड़े गौवंश के शव को कुत्ते नोच रहे थे। दरअसल गौशाला संचालकों ने मृत गौवंश के शवों को गड्ढों में डालकर मिट्टी से ढकने के बजाय खुला छोड़ दिया था जिनके शवों को कुत्ते नोच रहे थे। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद वृंदावन से आए गौरक्षक विस्तारक पंडित परमेश्वर भारद्वाज और राम सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष राजू पाल के अलावा अन्य हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता क्रोधित हो गए और उन्होंने मृत गौवंश के अंतिम संस्कार में लापरवाही व औपचारिकता बरतने का आरोप लगाते हुए बीडीओ ज्योति चौधरी से सवाल जवाब करने लगे। ऐसी स्थिति में बीडीओ ने गौशाला केयरटेकर की क्लास लगाते हुए तुरंत ही मृत गौवंश के शव को मिट्टी से दबवाया तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही न बरतने की चेतावनी देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।



## नितिन सिरोही ने जताया रोष



बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों का संज्ञान लेकर अपने संगठन के लोगों के साथ गौशाला पहुंचे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश की दयनीय स्थिति को देखकर रोष प्रकट करते हुए मौके पर मौजूद बीडीओ ज्योति चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव मिथुन से लगातार हो रही गौवंश की मौत के बाबत जानकारी ली। उन्होंने गौशाला की 84 बीघा भूमि होने के बाद भी गौवंश को हर चारा न दिए जाने को गौवंश पर अत्याचार बताते हुए कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि वह उन अवैध कब्जा धारकों से गौशाला की भूमि को शीघ्र ही कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई अमल में लायें और भूमि को कब्जामुक्त कराने के बाद उस पर खड़ी फसल का उपयोग गौशाला में भूखे मर रहे गौवंश के चारे में किया जाए। इस संबंध में उन्होंने मौके पर मौजूद हलका लेखपाल योगेश कुमार को अवैध कब्जधारकों की सूची बनाकर अपनी रिपोर्ट एसडीएम नगीना को सौंपने के लिए कहा है। उन्होंने इस कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही और विलंब न किए जाने की हिदायत दी है। एसडीएम नगीना से भी फोन पर वार्तालाप करते हुए जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने उनसे शीघ्र ही गौशाला की भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा बीमार गौवंश का उचित उपचार कराए जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही गौशाला की व्यवस्थाओं में सुधार न किया गया और भूख से किसी भी गौवंश की अब अगर मौत हुई तो जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला अध्यक्ष के साथ भाकियू नेता धर्मपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मुकुल त्यागी, विजेंद्र सिंह, वीर सिंह, मारूफ खान, के. सिंह, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त भाजपा मंडल महामंत्री राहुल कश्यप, भाजपा नेता डा. राजपाल सैनी, पिंकू प्रजापति आचार्य प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# होमगार्डों पर हमले में आठ लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज, तीन गिरफ़्तार

## चाय की दुकान पर मामूली कहासुनी को लेकर हुई थी घटना

**नहटौर ( चिंगारी )।** मामूली कहासुनी को लेकर आधा दर्जन लोगों ने चाय की दुकान पर बैठे होमगार्ड कंपनी कमांडर व दो होमगार्ड सहित चार लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे कंपनी कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बिजनौर के लिए रैफर किया गया है। इस संबंध में दो नामजद सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मंगलवार को देर शाम मुस्सेपुर निवासी होमगार्ड कम्पनी कमांडर बीरेश कुमार अपने साथी होमगार्ड अनिल कुमार व विनोद के साथ ड्यूटी समाप्त कर घर जा रहे थे। रास्ते में नूरपुर रोड पर चांदपुर की चुंगी के पास वह एक दुकान पर चाय पीने के लिए रूक गये। वहां आधा दर्जन से अधिक लोग शराब पी रहे थे। कुर्सी हटाने को लेकर होमगार्डों की उनसे कहासुनी हो गई। आरोप है कि शराब



पी रहे उक्त लोगों ने लाठी डंडों, सरियों, खोमचे व अन्य वस्तुओं से होमगार्डों पर हमला कर दिया। जिससे कम्पनी कमांडर व दोनों होमगार्ड घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से कंपनी कमांडर वीरेश कुमार को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने दबिश देकर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य की तलाश जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी थाने पहुंचे और जानकारी ली। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि घायल के भाई बृजपाल सिंह की तहरीर पर बहादुर और कान्ता को नामजद करते हुए आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मध्य प्रदेश में मिला 9 दिन से लापता छात्र देवांश

**धामपुर ( चिंगारी )।** 29 दिसम्बर को ट्यूशन पढ़ने के लिये घर से निकला छात्र देवांश कल मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सकुशल बरामद कर लिया गया। मालूम हो कि कक्षा 11 का छात्र 16 वर्षीय देवांश 29 दिसम्बर को घर से टयूशन पढ़ने को कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पहले उसके परिजन उसे रिश्तेदारों व मित्रों में तलाश करते रहे लेकिन जब उसका पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने बताया कि देवांश परिजनों की डांट के कारण घर से चला गया था। उल्लेखनीय है कि देवांश दो साल पहले अपनी मां के साथ भोपाल घूमने के लिये आया था। इसलिये वह घर से निकलकर भोपाल आ गया। पुलिस ने बताया कि सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज के जरिये पुलिस टीम भोपाल पहुंची और देवांश का पता लगाया। इससे पूर्व पुलिस ने उसके कई मित्रों से सख्ती से पूछताछ की थी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। पुलिस के अनुसार वह अपने जन्मदिन पर मोटरसाइकिल चलाने की जिद कर रहा था। हो सकता है कि माता-पिता के मना करने पर वह नाराज होकर घर से चला गया हो। देवांश के सही सलामत मिल जाने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है।

# सात लाख रुपये के विवाद को लेकर की गई थी खारी के इस्लामुद्दीन की हत्या

## दो आरोपी गिरफ्तार, एक अभी फरार

**झालू ( चिंगारी )।** पुलिस ने ग्राम खारी में हुई दुकानदार की हत्या का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दुकानदार की हत्या सात लाख रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के कारण की गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम खारी निवासी इस्लामुद्दीन (38 वर्ष) की लाश मंगलवार को तड़के करीब तीन बजे ग्राम गौसपुर के रास्ते में जंगल में पड़ी मिली थी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही हल्दौर पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव को पोस्टामार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई निजामुद्दीन ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस के अनुसार तफतीश के दौरान पता चला कि मृतक इस्लामुद्दीन के आरोपी मुस्तुफा पर लगभग सात लाख रुपये थे। इन दोनों के बीच एक प्लाट को लेकर विवाद था। इसी विवाद के कारण मुस्तुफा अतीक और इसरार ने इस्लामुद्दीन की हत्या कर दी। पुलिस ने इसरार और अतीक को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।

# बुधबाजार में जेबकतरों ने दो महिलाओं के बैग काटे, नकदी व जेवर उड़ाये

बिजनौर (चिंगारी)। साप्ताहिक बाजारों में जेबकतरों का आतंक है। चिंगारी ने जेबकतरों के इस आतंक के संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता नहीं लिया। आज रामलीला मैदान में लगे बुध बाजार में जेबकतरों ने दो महिलाओं बैग काट कर नकदी व जेवर साफ कर दिए। हल्दौर क्षेत्र की सलमा नामक महिला रामलीला बुधबाजार में खरीदारी करने आई थी। सलमा का पति सऊदी अरब में काम करता है। सलमा के अनुसार बुधबाजार में किसी ने उसका बैग काट कर 65 हजार रुपये साफ कर दिए। ट्यूबवैल कॉलोनी निवासी रणवीर की पत्नी का भी जेबकतरों ने बैग काट लिया। उसके बैग में चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी और कुछ नकदी थी, जिसे जेबकतरे ले उड़े।

# तीन साल की बच्ची को कुत्तों ने नोचकर मार डाला

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव आराजी भैंसा में आवारा कुत्तों के हमले में तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। जंगल मे आवारा कुत्तों द्वारा नोंचा गया बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार मासूम बच्ची हिमानी मंगलवार को अपने दादा राजपाल के साथ जंगल गई थी, लेकिन रास्ते में अचानक गायब हो गई। परिजनों ने आसपास जंगल मे उसे तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने जंगल में हिमानी का क्षत-विक्षत शव पड़ा देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो चरस तस्कर गिरफ़्तार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार युवकों के पास से 305 ग्राम चरस तथा तस्करी में प्रयोग की जाने वाली सेंट्रो कार व 2100 रुपए बरामद हुए हैं। देवेंद्र उर्फ सोनू निवासी हीमपुर मानक उर्फ बढ़ापुर व बिजेंद्र पुत्र मेघराज निवासी मौजपुर हरबंस उर्फ रामपुर सेंट्रो कार से चरस की बिक्री के लिए जा रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने रुकने का इशारा किया, जिस पर युवक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने मशक्कत कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर सेंट्रो कार से 305 ग्राम चरस व बिक्री के 2100 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने सेंट्रो कार को भी कब्जे में ले लिया। दोनों युवकों का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया गया है।




कार बिकाऊ है

एक मारुति कार S CROSS, 2017 मॉडल अच्छी कंडीशन में शीघ्र बिकाऊ है।

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे**
**या बुरी ...**

## क्रूर साम्राज्यवादी चेहरा

अमेरिका ने मादुरो पर नशे के व्यापार का आरोप लगाते हुए हाल में उसके अनेक जहाजों को नष्ट कर दिया था, सस्ता तेल चीन ले जाने वाले जहाजों को रोका था तथा वेनेजुएला के चारों ओर भारी सैनिक जमावड़ा किया था। हालांकि, मादुरो ने अमेरिका से सभी मुद्दों पर वार्ता का प्रस्ताव किया था तथा संयुक्त राष्ट्र संघ, रूस, चीन, ब्राजील, ईरान, क्यूबा व कई यूरोपीय देशों ने शांति बनाए रखने का अनुरोध किया था, पर इसके बावजूद अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन व लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है। इस प्रकार अमेरिका का क्रूर साम्राज्यवादी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है, जिसने वियतनाम, ग्रेनेडा, क्यूबा, पनामा, कोरिया, आदि देशों में अपनी बर्बरता का परिचय पहले ही दे दिया था। वेनेजुएला पर हमले और मादुरो की गिरफ्तारी से अमेरिका ने एक बार फिर 'मुनरो सिद्धान्त' को रेखांकित किया है, जिसके चलते वह पश्चिमी गोलार्ध में किसी भी कीमत पर अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहता है। यह हमला परोक्ष रूप से क्यूबा, ब्राजील और ईरान जैसे देशों को खुली धमकी है कि वे चीन के साथ अपने संबंधों को बढ़ावा न दें, नहीं तो उनको भी ऐसे ही नतीजे भुगतने को तैयार रहना चाहिए। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के साथ सत्ता में आए डोनाल्ड ट्रंप पूरी बेशर्मी के साथ दुनिया में अपनी मनपसंद दक्षिणपंथी व तानाशाही शासकों को थोपने का प्रयास कर रहे हैं। दशकों पहले पनामा के निर्वाचित राष्ट्रपति को इसी प्रकार गिरफ्तार कर सजा देने वाले अमेरिका का इरादा निकोलस मादुरो को भी कथित रूप से नशे के व्यापार के आरोप में जेल में लंबे समय तक बंद रखना है। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ इसलिए लगाया है कि वहां के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा ने पूर्व दक्षिणपंथी व भ्रष्ट राष्ट्रपति बोलसोनारो को अदालत द्वारा दी गई 27 साल की सजा रद्द करने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने हाल ही में ईरान को भी धमकी दी है कि यदि उसने वहां अराजकता पैदा करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप क्यूबा सरकार को भी उखाड़ फेंकने की बात कह चुके हैं।

**अज़ीज़ुर्रहमान साहब की पुण्यतिथि ( 07 जनवरी ) के अवसर पर विशेष!**

# अज़ीज़ुर्रहमान- राजनीति का वो 'ताजमहल' थे जिसकी बुनियाद प्रेम और भाईचारा पर टिकी थी!

**▶▶ परवेज़ आदिल माही**

**कुछ समझ में नहीं आता तुम्हें खोया कैसे!**

यह महज़ एक वाक्य नहीं, बल्कि हर उस शख्स के दिल से निकली आवाज़ है, जिसने उत्तर प्रदेश की राजनीति के दिग्गज और नगीना की शान, मरहूम अजीजुर्रहमान साहब को करीब से देखा है। आज उनकी पुण्यतिथि है। जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो एक ऐसे व्यक्तित्व की छवि उभरती है, जिसकी राजनीति में सत्ता का अहंकार नहीं, बल्कि पिता हाफिज मोहम्मद इब्राहिम की विरासत और सूफियाना सादगी थी।

उनसे जुड़ा एक व्यक्तिगत किस्सा उनके व्यक्तित्व की विशालता को बयां करता है। एक दौर था, जब अजीज साहब सूबे के विधि एवं न्याय मंत्री थे। उनके पास फरियादियों का तांता लगा रहता था। सादगी ऐसी थी कि एक बालक जिसको (लेखक) यह तक नहीं पता था कि कागज पर पहले मुहर लगती है या हस्ताक्षर होते हैं। वे बिना टोक-टाक किए, उन पत्रों पर चुपचाप दस्तखत कर देते थे, जिन पर पहले मुहर लगा दी गई होती थी। बहुत बाद में उन्होंने मुस्कुराते हुए समझाया- 'मियां, पहले हस्ताक्षर होते हैं, फिर मुहर लगायी जाती है।' यह छोटा सा वाक्या उनकी असीम सहनशीलता और बड़प्पन का प्रतीक है।



अजीज साहब के पिता, हाफिज मोहम्मद इब्राहिम ने 1924 में अपने राजनीतिक सफर का आगाज़ किया था। आज इस बात को पूरे 100 साल बीत चुके हैं, लेकिन 'दास्तान-ए-इब्राहिम' आज भी ज़िंदा है। आज भी नगीना और बिजनौर की सियासत इस परिवार के जिक्र के बिना अधूरी है। आखिर क्यों? क्या लोग उनसे डरते थे? नहीं, बल्कि हकीकत यह है कि उनकी राजनीति के 'ताजमहल' की बुनियाद प्रेम, सद्भाव और राष्ट्रहित पर टिकी थी। ईमानदारी उसका हुस्न थी, तो हिंदू-मुस्लिम एकता उनकी रूह।

सांप्रदायिक सौहार्द की बातें करना आसान है, पर उसे जीना मुश्किल। अजीजुर्रहमान साहब और ओमप्रकाश गोयल जी की दोस्ती एक मिसाल थी। वे उन्हें अपने 'सगे भाई' से कम नहीं मानते थे। यदि कोई कभी हिंदू-मुस्लिम के नाम पर गोयल साहब की आलोचना करने की कोशिश करता, तो अजीज साहब बस इतना कहकर बात खत्म कर देते- 'आप उनके बारे में कुछ नहीं जानते।'

वर्ष 2003 में जब अमेरिका ने इराक पर हमला किया, तो दर्द सिर्फ सरहदों तक सीमित नहीं था। अजीज साहब निहत्थे इराकियों पर हुए हमले से तड़प उठे थे। लेकिन उनका विरोध प्रदर्शन करने का तरीका सबसे जुदा था। उन्होंने नगीना के प्रमुख हिंदू नेताओं- श्री विरेंद्र कुमार लाहोटी और लाला देश बंधु अग्रवाल जी सहित शहर के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया।

नतीजा यह हुआ कि इराक पर हमले के खिलाफ नगीना की सड़कों पर जो ऐतिहासिक जुलूस निकला, उसका नेतृत्व और ज्ञापन किसी मौलवी साहब ने नहीं, बल्कि हिंदू राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले प्रसिद्ध अधिवक्ता विरेंद्र कुमार लाहोटी जी ने दिया था। यह अजीज साहब की ही शख्सियत थी कि उन्होंने एक 'मुस्लिम देश' की पीड़ा को 'इंसानियत' की पीड़ा बनाकर पूरे शहर को एकजुट कर दिया था।

'गो- क मुश्किल है हर काम का आसां होना, आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।' मिर्जा गालिब का यह शेर मरहूम अजीजुर्रहमान साहब के व्यक्तित्व पर पूरी तरह सटीक बैठता है। जब राजनीति, धर्म और जातियों की संकीर्ण गलियों में खोई नज़र आती है, तब अजीज साहब की याद उस रौशन मीनार की तरह है, जो हमें प्रेम, सद्भाव और अखंड भारत की राह दिखाता है।

जनपद बिजनौर के राजनैतिक इतिहास में वर्ष 1985 का बिजनौर विधानसभा चुनाव मील का पत्थर माना जाता है। बिजनौर विधानसभा सीट पर अजीजुर्रहमान साहब और उनके राजनैतिक प्रतिद्वंदी क्रांति कुमार के बीच मुकाबला बेहद कड़ा था। चुनाव जीतने के लिए हर संभव हथकंडे अपनाए गए थे, लेकिन परिणाम ने इतिहास रच दिया। अजीज साहब की वह जीत महज एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द की जीत थी।

सिविल लाइंस जैसे क्षेत्रों के हिंदू मतदाताओं ने खुलकर अजीज साहब के पक्ष में मतदान किया। वे गर्व से कहते थे कि 'एक सच्चा हिंदू या मुसलमान कभी सांप्रदायिक नहीं हो सकता।' यदि कोई उनके इस विचार पर तर्क करता, तो वे उसे महान यात्री अलबैरूनी की पुस्तक 'किताबुल हिंद' का हवाला देते हुए चुप करा देते थे, जिसमें हिंदुस्तान को शांतिप्रिय और यहां के लोगों को अमन पसंद बताया गया है।

अजीज साहब की सोच पर मौलाना अबुल कलाम आजाद का गहरा प्रभाव था। उन्होंने मौलाना आजाद के सानिध्य में वक्त गुजारा था, इसलिए उनके रग-रग में वही राष्ट्रवाद बसा था। वर्ष 2000-2001 में जब वे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने, तब नगीना नगर अध्यक्ष के चयन की बारी आई। कई मुस्लिम नाम चर्चा में थे, लेकिन अजीज साहब ने 65 वर्षीय राम बहादुर जी को चुना, जो राजनीति से लगभग दूर हो चुके थे। उनका स्पष्ट संदेश था- 'मेरे घर में हिंदू-मुस्लिम को अलग चश्मे से कभी नहीं देखा गया।'

वे मौलाना आजाद के उस ऐतिहासिक कथन को अक्सर दोहराते थे कि अगर आसमान से कोई फरिश्ता उतरकर मेरे एक हाथ में चांद और दूसरे में सूरज रखकर कहे कि 'हिंदू-मुस्लिम एकता के मार्ग से हठ जाओ, तो मैं आज ही भारत को आज़ादी दे सकता हूं' तो मैं उस फरिश्ते की पेशकशकों ठुकराकर गुलाम देश में रहना पसंद करूंगा, लेकिन हिन्दू-मुस्लिम एकता से कभी दस्तबरदार नहीं हो सकता! अजीज साहब ने ताउम्र इसी मार्ग को अपनाया।

अल्लामा इकबाल ने कहा था- 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।' वह 'कुछ बात' दरअसल अजीजुर्रहमान साहब जैसे लोगों का विश्वास ही है। अलग धर्म और भाषा होने के बावजूद एक-दूसरे के दिलों में रहना ही इस देश की विशेषता है। एक शताब्दी बीत जाने के बाद भी यदि 'दास्तान-ए-इब्राहिम' खत्म नहीं होती और यह परिवार लोगों के दिलों पर राज कर रहा है, तो यह प्रमाण है कि उनकी राजनीति का रास्ता आसान नहीं, बल्कि बेहद ऊंचा और मानवीय था।

आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करना दरअसल उस भाईचारे को याद करना है, जिसे उन्होंने अपनी सांसों से सींचा था।

वो आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा बोये गये भाईचारे के बीज आज भी नगीना की मिट्टी में महकते हैं। वे केवल एक नेता या पूर्व मंत्री नहीं थे, वे उस गंगा-जमुनी तहजीब के अलंबरदार थे, जिसकी आज देश को सबसे ज्यादा जरूरत है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश करते हुए बस यही कहा जा सकता है कि राजनीति में उन जैसा 'मुहब्बत और अम्न का सफ़ीर' कहीं सदियों में एक बार आता है।

# नगर निकाय क्षेत्रों में विदुर कैफे खुलवाये जायें : डीएम

## मिड-डे मील व सामुदायिक शौचालयों में विदुर ब्रांड की सामग्री के प्रयोग के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विदुर ब्रांड से संबंधित बैठक आयोजित हुई।**

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका धामपुर एवं नगीना को सख्त निर्देश दिये कि अपने-अपने नगर पंचायत क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य की सापेक्ष विदुर कैफे खुलवाएं। उन्होंने बीएसए एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि मिड-डे मील तथा सामुदायिक शौचालयों में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री विदुर ब्रांड की होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसे कोटेदार जिन्होंने विदुर ब्रांड के आइटम्स का अभी तक भुगतान नहीं किया है, तत्काल उसका पेमेंट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि




राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन का आधार है। उन्होंने कहा कि बीसी सखी के माध्यम से महिलाएं आज गांव-गांव में सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करते हुए उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से ऊपर ले जाने के प्रयास करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# थाने के मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

## बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**स्योहारा ( चिंगारी )।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति (पंजीकृत) धामपुर के तत्वावधान एवं बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक श्री रामदास जी महाराज के पावन सानिध्य में स्योहारा थाना परिसर स्थित मंदिर पर संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ। मुख्य यजमान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रहे। पूजन एवं हनुमान चालीसा पाठ का संपादन शिव महापुराण कथा वाचक पंडित पवन कौशिक महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। इस दौरान संगीतमय हनुमान चालीसा एवं भजनों से थाना परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडेय ने भी बाबा के दरबार में हाज़री लगाई, साथ ही डॉ. मनोज वर्मा, अश्वनी बिश्नोई, आकाश तोमर, वीरेंद्र पुष्पक, काजल तेवतिया, यशदेव शर्मा, राजेश कुमार, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र, लोकेंद्र यादव, अमित भाटी, लोकेश सहित अनेक श्रद्धालु थाना प्रांगण में उपस्थित रहे। बजरंगबली दरबार के सेवकों में सुभाषचंद्र कौशिक, कपिल शर्मा, पंकज भटनागर, तरुण शर्मा शास्त्री, एडवोकेट यतेन्द्र शर्मा, अनिल कुमार सिंह, चेतन सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण से हुआ।

# नायब तहसीलदार ने पकड़ा रेत से भरा ओवरलोड ट्रक



**नहटौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को नहटौर में रेत से भरे ओवरलोड ट्रक को नायब तहसीलदार राजकमल सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पकड़ लिया। इसके अलावा अन्य वाहनों की भी जांच हुई। इस दौरान नायब तहसीलदार स्योहारा विजय कुमार, धामपुर कपिल आजाद, लेखपाल ब्रह्म सिंह रहे। नायब तहसीलदार राजकमल ने बताया कि ओवरलोड ट्रक को जब्त करने के बाद कारवाई हेतु नहटौर पुलिस को सौंप दिया है।

# बरसीम खाने से चार बकरियों की मौत

## विक्रेता के विरुद्ध तहरीर दी

**नहटौर ( चिंगारी )।** बरसीम खाने से चार बकरियों की मौत हो गई, वहीं पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी ने मौके पर जाकर बकरियों के स्वास्थ्य की जांच की है।

मोहल्ला नौधा निवासी शाहजहां पत्नी क़ादिर के पास नौ बकरे-बकरियां थीं। मंगलवार की शाम को शाहजहां ने मोहल्ला मौलवियान निवासी व्यक्ति की कुट्टी मशीन से हरे चारे के रूप में बरसीन मंगवाया था। शाहजहां का आरोप है कि बरसीम खाने के उपरांत बकरियां बेहोश हो गईं। सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी को बुलवाया गया। बताया जाता है कि चिकित्सा के पहुंचने से पहले ही चार बकरियों की मौत हो गई थी। वहीं अन्य पांच की भी हालत नाजुक बनी



हुई है। पीड़िता ने शाम को थाने पहुंचकर कुट्टी मशीन संचालक के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने बताया कि संभवत: बकरियों की मौत अधिक मात्रा में बरसीम खाने के कारण फूड पाइजनिंग से हुई। बकरियों की मृत्यु के सही कारणों की जांच की जा रही है।

# तालाब में फंसे माहे को रस्सी से खींचकर बाहर निकाला

**नांगल सोती ( चिंगारी )। तालाब में फंसे माहे ( नीलगाय ) को सामाजिक वानिकी के दैनिक कर्मचारियों ने रस्से की मदद से खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकलते ही माहा गन्ने के खेत में भाग गया।**

आज सुबह खेतों पर जा क्षेत्र के ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा के किसानों ने देखा कि गांव के दक्षिणी-पूर्वी छोर पर बस्ती से बाहर स्थित सती वाले तालाब में एक माहा (नीलगाय) फंसा हुआ है। माहा तालाब में मौजूद जलकुंभी (समुद्र सोख) में फंसा हुआ था तथा पूरी कोशिश करने के बावजूद बाहर नहीं निकल पा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी (वन विभाग) के क्षेत्रीय दरोगा विकास कुमार को दी। उन्होंने विभाग के दैनिक कर्मचारियों मौ. उमर तथा अमित को ट्रैक्टर के साथ मौके पर भेजा।



माहे को रस्से से खींचकर बाहर निकालते वन कर्मचारी

कर्मचारियों ने एक डंडे की मदद से माहे के सींगों में रस्सा फंसाया और पूर्वाहन लगभग 11 बजे उसे खींचकर बाहर निकाल दिया। माहा तालाब से बाहर निकलते ही पास स्थित गन्ने के खेत में भाग गया।

माना जा रहा है कि माहा आज सुबह सवेरे ही तालाब में गिरा होगा, वर्ना भयंकर ठंड में रात में उसकी मौत हो सकती थी। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि माहा घायल नहीं था। बिना ट्रैक्टर के ही कर्मचारी उसे रस्से की मदद से खींचकर बाहर निकालने में सफल हुए।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में अनेक प्रस्ताव हुये पारित

- अमृत सरोवर का होगा सौंदर्यकरण
- अलाव जलेंगे
- कंबल बटेंगे


पुस्तकालय में हुई बोर्ड की बैठक में शामिल सभासद।



अमृत सरोवर जिसका होगा सौंदर्यकरण।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के शिवाजी पार्क स्थित सम्पादकाचार्य पंडित रुद्रदत शर्मा पुस्तकालय में मंगलवार को हुई पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास किये गये। बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की और संचालन ईओ रवि शंकर शुक्ला ने किया। बैठक में वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार ने मीटिंग का एजेंडा पढ़कर बोर्ड के समक्ष रखा। बैठक में सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने सरकार के निर्देश पर पालिका क्षेत्र में होने वाले जीआइएस सर्वे (ग्राफिक इनफारमेशन सिस्टम) के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से पालिका क्षेत्र में बने मकान, संपत्तियों अवैध निर्माण आदि का डिजिटल सर्वे होता है, जिससे वास्तविक माप व नक्शे का पता लगता है। इसके आधार पर गृहकर लागू किया जाएगा। लेकिन सभासदों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, जिससे प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार ने बताया कि हाल ही में देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई हैं। विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने उनसे सरदार पटेल की प्रतिमा लगवाने की चर्चा की थी। जिस पर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित अमृत सरोवर को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर का 50 लाख रुपए लागत से सौंदर्य करण होगा। प्रतिमा के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा धार्मिक स्थलों का भी सुंदरीकरण होगा व आकर्षक लाइटें लगवाई जाएंगी। बैठक में मुहल्ला बाड़वान में सेंटमैरी रोड निवासी महिला रेखा गहलौत पत्नी अनिल गहलौत द्वारा की गई शिकायत का मुद्दा भी उठा। महिला का आरोप है कि लगभग 15 वर्ष पहले के बोर्ड के कार्यकाल में उनके 90 वर्ग मीटर प्लाट पर रोड बना दी गई थी। उन्होंने रोड तुड़वाने की मांग की है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अन्य निवासियों की सुविधा के लिए रोड तुड़वाना उचित नहीं है, महिला को उनकी भूमि का उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### 22 लाख 50 हजार रुपए से ठंड दूर करने का कार्य होगा

**नगर पालिका परिषद के बोर्ड की बैठक में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र धामपुर के नागरिकों को शीत लहर से बचाव हेतु अलाव जलवाने के लिए 15 लाख रुपए की लकड़ी क्रय किये जाने तथा नगर क्षेत्र धामपुर में गरीब व्यक्तियों को 1500 कंबल वितरण किए जाने हेतु साढे सात लाख रुपए से सोकता लकड़ी क्रय करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। इसके अलावा सफाई कर्मियों को गर्म व ठंडी वर्दी वितरण, एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग, दवाईयों आदि के खर्च का प्रस्ताव शामिल रहे।**

### सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुये

**इसके अलावा वार्ड-1, 2, 5, 8, 12, 13, 14, 15, 18,19 व 25 में विभिन्न स्थानों पर सड़कें, नाली, नाले निर्माण होगा। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 मोहल्ला लोहियान में मनोज कारीगर के मकान से हरिओम सैनी समोसे वालों की दुकान तक तथा दयावती के मकान से लाज वालों के मकान तक और एसबीडी कॉलेज के गेट से लाज वालों के मकान तक पानी निकासी हेतु नाले का निर्माण का प्रस्ताव भी पास किया गया।**

---

# बार कौसिंल उत्तर प्रदेश का चुनाव: भले ही चल रही शीत लहर, प्रचार व जनसम्पर्क पर नहीं पड़ रहा असर

### बिजनौर जनपद में 16 एवं 17 को होगा मतदान

**धामपुर ( चिंगारी )।** बार कौसिंल उत्तर प्रदेश के चुनाव के नजदीक आते ही शीत लहर के बावजूद प्रचार और संपर्क की गर्मी बढती जा रही है। मंगलवार को प्रयागराज से चलकर बार कौसिंल उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व चेयरमैन और मौजूदा मेम्बर पीआर मौर्य एडवोकेट धामपुर पहुंचे और अधिवक्ताओं से उनके चैम्बर्स पर पहुंच कर जनसंपर्क करके और प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि इस भंयकर सर्दी के मौसम में उच्चतम न्यायालय नयी दिल्ली के निर्देशानुसार बार कौसिंल उत्तर प्रदेश के 25 सदस्यों को चुनने के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है और बिजनौर जनपद में पहले चरण में 16 तथा 17 जनवरी 2026 को मतदान कराया जाना प्रस्तावित है। इसलिए उत्तर प्रदेश के सुदूर पूर्वी अंचलों प्रयागराज काशी में वकालत करने वाले प्रत्याशी ठंड तथा कोहरे के बावजूद बिजनौर जनपद में अपना अपना प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को प्रयागराज से पीआर मौर्य एडवोकेट धामपुर पहुंचे और उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात की।


भूतपूर्व चेयरमैन पीआर मौर्य एडवोकेट धामपुर में अधिवक्ताओं से संपर्क करते हुए।

उनके अलावा नोएडा गौतम बुध नगर में वकालत करने वाले अधिवक्ता नीरज कुमार चौहान ने भी धामपुर पहुंचकर तहसील परिसर और एसडीएम कोर्ट कंपाउंड में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क किया। उनके साथ बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व सचिव जावेद उमर एडवोकेट, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, अवलोक शर्मा एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट, नितिन त्यागी एडवोकेट, राजीव कुमार एडवोकेट, सुरेन्द्र कुमार नोटेरी, बार एसोसिएशन धामपुर के कनिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह एडवोकेट, सह सचिव हिरेन्द्र कुमार एडवोकेट अमखेडा वाले, रक्षपाल सिंह एडवोकेट, सुमित कुमार एडवोकेट, रोहतास कुमार एडवोकेट, सोमपाल सिंह एडवोकेट आदि रहे।

---

# निर्माण के लिए सड़क खोद कर पत्थर डलवाये उसके बाद वहां ठेकेदार नज़र नहीं आये

### समाधान दिवस पर पालिका सदस्य व वार्डवासियों ने की एडीएम से शिकायत


पालिका सभासद हिना ज्ञापन देते हुए।


टूटी पड़ी हुई सड़क।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के वार्ड-6 मुहल्ला नई सराय में ठेकेदार द्वारा सड़क न बनाये जाने पर नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि तीन माह पहले ठेकेदार ने सड़क खुदवाकर व पत्थर डलवाकर काम छोड़ दिया। इस कारण तीन माह से स्थानीय नागरिक परेशान हैं, उनकी शिकायत पर पालिका ने ठेकेदार को तीन बार नोटिस भी जारी कर दिया है। सोमवार को वार्ड सभासद हिना व उनके पति सलमान ने समाधान दिवस में एडीएम वित्त व राजस्व से शिकायत कर जल्द रोड बनवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में वार्ड-6 की सभासद हिना सलमान, सरताज खान, सलमान खान, बुंदू अहमद, सचिन चौहान, शुऐब, तलहा आदि शामिल रहे।

उन्होंने बताया कि तीन माह पहले पालिका ने उनके वार्ड में सीसी रोड बनवाने के लिए एक ठेकेदार को काम सौंपा था। आरोप है कि ठेकेदार ने पूरी सड़क खुदवाकर डाल दी और उस पर पत्थर डलवा दिये। जिसके बाद काम रोक दिया। सीसी रोड बनवाने का काम अभी तक शुरू नहीं किया। खुदी हुई सड़क से रोजाना स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी गुजरते हैं, जिससे पत्थरों के कारण गिर कर चोटिल हो जाते हैं। आरोप है कि ठेकेदार का रेत-बजरी वाले व अन्य व्यापारियों पर बहुत उधार है, जिस कारण वह फोन भी नहीं उठाता है। पालिका ने उसे काम जल्द पूरा कराने को तीन नोटिस भी जारी कर दिए हैं, लेकिन आज तक काम नहीं हुआ। पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह व ईओ रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस जारी करने के बाद भी वह काम नहीं कर रहा है।

### ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड घोषित

**उधर, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद के बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास करके ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड घोषित किया गया है अब उसकी फर्म को नगर पालिका का कार्य नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 दिन के भीतर सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।**

# बिजनौर में निकला भव्य नगर कीर्तन





## जगह-जगह हुआ शानदार स्वागत

**बिजनौर (चिंगारी)।** दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन नई बस्ती गुरुद्वारा कमेटी व श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालक ट्रस्ट, संगत के सहयोग से कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब की रहनुमाई एवं पंज प्यारों की अगुआई में श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन ट्रस्ट से जगमन्दर दास रेलवे रोड से प्रारंभ हुआ, रेलवे स्टेशन रोड गुरुद्वारे में विशेष दीवान में रागी जत्थे द्वारा शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया गया, जिसमें मंच का संचालन मनिंदर सिंह विक्की ने किया। संगत के लिए गुरु घर का लंगर अटूट बरताया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसमीत कौर ने माल्यार्पण कर गुरूजी का आशीर्वाद लिया।







नगर कीर्तन शहर प्रमुख मार्ग शक्ति चौक, सिविल लाइन, राम का चौराहा से होते हुए नई बस्ती गुरुद्वारा सिंह सभा में पहुंचकर हुआ। नगर कीर्तन के स्वागत में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं शहरवासियों ने जगह-जगह प्रसाद, सूखे मेवे, बिस्कुट, चाय, ब्रेड पकौड़े, फल, दूध व हलवे आदि से सेवा की। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई तथा पंज प्यारों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में अखाड़ा (गतका) मुख्य आकर्षण रहा। गुरु पर्व के उपलक्ष में सभी सम्मानित सेवादारों को दोनों सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंध संचालक ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष सरदार हरचरण सिंह, प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, अध्यक्ष हरमीत सिंह, सदस्य सुरजीत सिंह नेगी, विजयपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह कटारिया, राजेश सिंह तथा नई बस्ती गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रवेन्द्र सिंह बिट्टू, खजांची सुरेंद्र सिंह, हरजिंदर कौर, सेक्रेटरी सुरजीत सिंह, एडवाइजर दिलीप सिंह कालरा, गुरजीत सिंह, जथेदार अरविंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, तरनजीत सिंह, जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पूर्व जिला पंचायत सदस्य घर में चला रहा था शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री

**मोहन शर्मा**



## पुलिस ने रंगे हाथों पकड़कर चालान किया

गंज (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम जहानाबाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अपने घर में कच्ची शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री चला रहा था। गंज चौकी के पुलिसकर्मियों ने रात के अंधेरे में छापा मारकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशाराम के घर से कच्ची शराब व लाहन बरामद हुआ है। गंज चौकी के प्रभारी रोहताश ने दीवान राजेश सिंह, कां. संदीप व सुनील के साथ आशाराम के घर पर छापा मारा। बताया जाता है कि आशाराम उस समय शराब तैयार कर रहा था। पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आशाराम का चालान कर दिया है।

# नशीली गोलियां रखने वाले को दो साल की सजा

बिजनौर ( चिंगारी )। चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने 240 प्रतिबंधित नशीली गोलियां रखने वाले अनुज उर्फ कल्लू को दो वर्ष चार माह कारावास एवं दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक रितेश चौहान के अनुसार नजीबाबाद थाने में तैनात उपनिरीक्षक यशवीर सिंह मालिक अन्य पुलिस बल के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में चैकिंग कर रहे थे। जैसे ही चैकिंग करते हुए बुंदकी रोड पर फैक्ट्री के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि दो बदमाशों ने चाकू की नोक पर बाइक सवार को लूटने का प्रयास किया। किसी तरह वहां से निकलकर बाइक सवार ने दो बदमाशों के खड़े होने की सूचना दी। मुखबिर की सूचना पर बदमाशों के खड़े होने के स्थान पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। बदमाशों ने बताया कि उनके पास से 240 प्रतिबंधित नशीली गोलियां मिली हैं। पुलिस ने इनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट लिखी। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट नजीबाबाद थानांतर्गत लालूवाला धनौरा निवासी अनुज उर्फ कल्लू पुत्र मदनपाल के विरुद्ध न्यायालय में दाखिल की। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त अनुज उर्फ कल्लू को नारकोटिक्स एक्ट की धारा 21 ( ब ) और 22 ( ब ) के तहत दो वर्ष 4 माह कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पहली बार जिले भर में एक ही परीक्षा कार्यक्रम के तहत होंगी प्री-बोर्ड परीक्षायें

**नांगल सोती (चिंगारी)। इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्री-बोर्ड परीक्षायें पहली बार जिलेभर में एक ही परीक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगी। साथ ही प्री-बोर्ड परीक्षाओं को अधिक उपयोगी एवं सार्थक बनाने के उद्देश्य से विगत बोर्ड परीक्षा के बिना खुले प्रश्न-पत्र (रिजर्व सेट) परीक्षार्थियों को दिये जायेंगे। यह भी पहली बार ही होगा।**

इस बार प्री-बोर्ड परीक्षाओं को ठीक बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर आयोजित कराया जायेगा। ज्ञातव्य है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., प्रयागराज द्वारा 10वीं (हाईस्कूल) एवं 12वीं (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षायें आयोजित कराई जाती हैं। यूपी बोर्ड परीक्षायें-2026 फरवरी माह में शुरू होंगी, इससे पहले प्री-बोर्ड परीक्षायें आयोजित होंगी। इस बार प्री-बोर्ड परीक्षाओं को पूरी तरह से बोर्ड परीक्षाओं का लुक दिया जा रहा है। अभी तक जो प्री-बोर्ड परीक्षायें आयोजित होती थीं, उनमें प्रश्न-पत्र विद्यालय प्रशासन द्वारा गृह परीक्षाओं की भांति स्वयं तैयार किये जाते थे। साथ ही प्रत्येक विद्यालय का अपना अलग परीक्षा कार्यक्रम होता था, जो विद्यालय प्रशासन अपनी सुविधा के अनुसार तैयार करता था। प्री-बोर्ड परीक्षाओं 2026 में पहली बार परीक्षा कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जारी किया गया है। यानी पूरे जिले में प्री-बोर्ड परीक्षायें एक साथ आयोजित होंगी। साथ ही पूरे जिले के यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को एक जैसे प्रश्न-पत्र मिलेंगे। प्रश्न-पत्र भी बोर्ड परीक्षाओं के ही होंगे।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाओं 2025 में प्रत्येक विषय के प्रश्न-पत्रों के सेट के साथ एक रिजर्व सेट भी दिया गया था। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा यह रिजर्व सेट, प्रश्न-पत्र लीक होने की स्थिति में प्रयोग के लिये दिया गया था। यानी यदि किसी विषय का प्रश्न-पत्र लीक हो जाता, तो उसके स्थान पर रिजर्व सेट के प्रश्न पत्रों से परीक्षा कराई जाती। वे रिजर्व सेट बचे हुए हैं तथा सील बंद हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा वही रिजर्व सेट प्री-बोर्ड परीक्षाओं के लिये विद्यालयों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## इस प्रकार प्री-बोर्ड परीक्षायें परीक्षार्थियों के लिये ज्यादा उपयोगी सिद्ध होंगी

**प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में कोई लाभ नहीं होता है। बल्कि प्री-बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन का उद्देश्य परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और अनुभव कराना होता है। प्री-बोर्ड परीक्षाओं से परीक्षार्थी और अधिक लाभान्वित हों और उन्हें बोर्ड परीक्षा में मिलने वाले प्रश्न-पत्र का सही तरीका पता लगे, इसके लिये इस बार पूरे जिले में विगत बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों के रिजर्व सेट से प्री-बोर्ड परीक्षायें आयोजित कराई जा रही हैं। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं की भांति परीक्षा कार्यक्रम भी एक जैसा रखा गया है।**

## 12 जनवरी से शुरू होंगी प्री-बोर्ड परीक्षायें

**बिजनौर जनपद में प्री-बोर्ड परीक्षायें 12 जनवरी से शुरू होंगी। हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की 12 जनवरी को हिंदी की परीक्षा है। 27 जनवरी को परीक्षाओं का समापन होगा। प्रथम पाली पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन एक बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराहन डेढ़ बजे से अपराहन साढ़े चार बजे तक चलेगी। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआई ओएस) ने जिले के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर अपनी सुविधा के अनुसार माह जनवरी में ही इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षायें आयोजित करने को कहा है।**

## जनपद स्तर पर तैयार हुये परीक्षा कार्यक्रम-डीआईओएस

**माध्यमिक शिक्षा परिषद उ. प्र., प्रयागराज के निर्देशानुसार पहली बार बोर्ड परीक्षाओं-2025 के रिजर्व प्रश्न-पत्र सेट से प्री-बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन कराया जा रहा है। पहली बार पूरे जिले में एक ही परीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्री-बोर्ड परीक्षायें होंगी। इस बार पूरे प्रदेश में जनपद स्तर पर प्री-बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम तैयार किये गये हैं। इससे परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं का सटीक अनुभव प्राप्त होगा।** - जयकरन यादव, डीआईओएस

## परेशान है आमजन, पाला पड़ने से बढ़ी ठिठुरन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** कोहरे के साथ-साथ अब पाले से भी पाला पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से पाला पड़ने के कारण मौसम में रिकॉर्डतोड़ ठिठुरन है, जिसने हाथ-पैर सुन्न कर रखे हैं। आसमान में चोटी पर चढ़े कोहरे के कारण सूर्य देवता के दर्शन भी थोड़ी देर को ही हो रहे हैं। पिछले दो दिनों से रात में जोरदार पाला पड़ रहा है। पाला पड़ने के कारण वातावरण में रिकॉर्डतोड़ ठिठुरन उत्पन्न हो रही है। सुबह को लोग सोकर उठते हैं, तो ठिठुरन से हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं। ऐसा महसूस होता है, जैसे हाथों की अंगुलियां काम करने में सहयोग ही नहीं कर पा रही हों। भारी ठिठुरन के कारण लोगों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। पालाजनित रिकॉर्डतोड़ ठिठुरन के कारण दो दिनों से ठंड ने बेहाल कर रखा है। उधर कोहरा कभी नीचे उतर आता है, तो कभी आसमान की चोटी पर जा चढ़ता है। ऊपर चढ़े कोहरे के कारण सूर्य देवता के दर्शन भी थोड़ी देर को ही हो रहे हैं। कल अपराह्न दो बजे के आसपास धूप चमकी थी। हालांकि रिकॉर्डतोड़ ठिठुरन के कारण धूप बेजान नजर आ रही थी। आज भी कोहरा ऊपर चढ़ा हुआ था तथा रिकॉर्डतोड़ ठिठुरन ने लोगों की हालत पतली कर रखी थी।

## पहले वन मंत्री से की मुलाकात, फिर मुरादाबाद जाकर क्षेत्रीय निदेशक को बताई बात



वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता सुधीर भुईयार आदि

**बिजनौर (चिंगारी)।** वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना से मुलाकात के बाद मंगलवार को भाजपाई तथा पीड़ित किसान वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद रमेश चन्द्र से उनके कार्यालय में जाकर मिले और उन्हें वन मंत्री द्वारा लिखा गया पत्र सौंपा। ज्ञातव्य है कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार ने नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और वन विभाग द्वारा किये जा रहे उनके उत्पीड़न के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार में वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना से बरेली में उनके आवास पर मुलाकात की थी। वन मंत्री को किसानों की पीड़ा से अवगत कराते हुए, उन्हें समस्याओं और मांगों का एक ज्ञापन सौंपा था। वन मंत्री ने जिलाधिकारी बिजनौर और वन संरक्षक को फोन कर किसानों की यथासंभव मदद करने के लिये कहा था तथा दोनों अधिकारियों के नाम पत्र भी लिखे थे। मंगलवार को भाजपा नेता सुधीर भुईयार के नेतृत्व में भाजपाइयों तथा पीड़ित किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद रमेश चन्द्र से उनके कार्यालय में जाकर मिला। उन्हें खादर क्षेत्र के किसानों की समस्यायें बताई तथा विभाग द्वारा दर्ज कराये गये झूठे मुकदमों के बारे में बताया। वन मंत्री द्वारा लिखा गया पत्र उन्हें सौंपा। सुधीर भुईयार ने बताया कि वन संरक्षक से हुई वार्ता सकारात्मक रही। उन्होंने पीड़ित किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। सुधीर भुईयार के नेतृत्व में वन संरक्षक से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संदीप एड., किसान मोर्चा के जिला मंत्री शोभित चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी योगेन्द्र सिंह, भाकियू से ज्ञान सिंह एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला शामिल रहे।

## गुलदार घूमने से ग्रामीणों में दहशत



**चांदपुर (चिंगारी)।** ग्राम खेड़की के नजदीक गुलदार घूमने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम खेड़की में गैस एजेंसी के नजदीक व गांव की भूड़ में गुलदार को घूमते देखा गया है। ग्रामीण गुलदार के घूमने से भयभीत हैं। वे जंगल जाते हुए घबरा रहे हैं। ग्राम सैंदवार के जंगल व चांदपुर में ग्रीन वैली कालोनी से आगे जंगल में भी किसानों ने गुलदार को घूमते देखा है, जिससे किसानों में दहशत बनी हुई है।

## अशोक चौधरी की माता जी के अंतिम संस्कार में पहुंचे अनेक राजनीतिक दलों के लोग

**चांदपुर (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी की पूज्य माता जी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अनेक राजनैतिक दलों के नेता व बड़ी संख्या में लोग बिजनौर स्थित बैराज घाट पर पहुंचे। सोमवार की रात में रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी की पूज्य माता जी श्रीमती विद्यावती का निधन हो गया था। मंगलवार को बिजनौर बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सचिव समरपाल सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री अजीत राठी, राष्ट्रीय महासचिव कृष्णपाल राठी, रालोद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष नरेंद्र आचार्य, जिला पंचायत बिजनौर के अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्र के महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महामंत्री डॉ. विपिन तोमर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।**



श्रीमती विद्यावती का फाइल फोटो

## सिक्खी सिद्धांतों से हटकर दिखावे की ओर बढ़ रहे सिक्ख-वडाला

### गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर कीर्तन समागम का आयोजन



**नूरपुर (चिंगारी)।** सरबंसदानी गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में महान कीर्तन समागम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिक्ख संगत से धार्मिक आयोजनों में फिजूलखर्ची न कर, शिक्षा, चिकित्सा एवं व्यवसाय पर खर्च करने का आह्वान किया। भाई साहब भाई संगत सिंह सेवा दल के तत्वावधान में खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में 19वां महान कीर्तन समागम आयोजित किया गया, जिसमें अमृतसर से पहुंचे रागी बलदेव सिंह वडाला ने गुरुबाणी कीर्तन करते हुए कहा कि आज हम सिक्खी के सिद्धांतों से हटकर दिखावे की ओर अधिक बढ़ रहे हैं। धार्मिक आयोजनों में महंगे रागी मत लाइये, कीमती टैंट मत लगाइये, नकली फूल पत्तों की सजावट पर धन मत खर्च करिये। बच्चों की एजुकेशन पर धन खर्च करो, उन्हें आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर बनाइये। कारोबार बढ़ाइये। अपने बंदों को बिना ब्याज के कर्ज देकर उन्हें सहारा प्रदान करें। गरीब कन्याओं की शादी विवाह में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा कमेटियों को नशाखोरी से दूर रहकर रहितवान होना चाहिए, पंजाबी गुरुमुखी का ज्ञान होना चाहिए, तभी वह पंथ के बारे में सोच सकता है। उन्होंने कहा कि अकाल तख्त साहिब की मर्यादा महान है, लेकिन आज यह राजनीति से प्रभावित है। एसजीपीसी भी राजनीति से प्रभावित है, इसलिये पंथ हित के फैसले भी प्रभावित होते हैं। आरएसएस को लोग बुरा-भला कहते हैं। आरएसएस ने अपने प्रचारकों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तक के ओहदों पर बैठाकर जो सम्मान दिया है। एसजीपीसी आज तक अपने प्रचारकों को कुछ नहीं दे पाई। कार्यक्रम में रागी सरबजीत सिंह पटना साहिब, ज्ञानी गुरबाज सिंह, भाई अरवेंदर सिंह ने संगत को गुरुबाणी कीर्तन से निहाल किया। कार्यक्रम में गुरु घर के सेवादारों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। संचालन परवेंदर सिंह ने किया। ज्ञानी टीकम सिंह ने सरबत के भले वास्ते अरदास की। संगत को लंगर छकाया गया।

# एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट आते ही अपना नाम तलाशने में जुटे मतदाता


वोटर लिस्ट चैक करते सभासद डॉ. मौ. शाहिद।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मंगलवार को एसआईआर की ड्राफ्ट सूची जारी हो जाने पर मतदाताओं ने बीएलओ के पास जाकर एवं चुनाव आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से अपने व अपनों के नाम तलाशने शुरू कर दिए हैं। मंगलवार की प्रात: से ही मतदाता, जनप्रतिनिधि, आगामी चुनावों के संभावित प्रत्याशी एवं

## सभासद डॉ. शाहिद ने गंभीरता से तलाशी वोटर लिस्ट

सियासी नेताओं/कार्यकर्ताओं ने जहां एक ओर अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता सूची देखने हेतु संपर्क साधना शुरू कर दिया था, वहीं उन्होंने दोपहर बाद से चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन भी अपने व अपने घर-परिवार, संबंधियों आदि के नाम ढूंढने शुरू कर दिये। नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ के वार्ड नंबर 12, मोहल्ला मुमताज हुसैन के सभासद डॉ. मौ. शाहिद ने बीएलओ उदयराज सिंह आदि से संपर्क कर अपने व अपने घर-परिवार के वोट तलाशने के साथ-साथ अपने वार्डवासियों के देर तक बड़ी बारीकी से नाम तलाशे। डॉ. मौ. शाहिद ने वार्ड के निवासियों सहित समस्त नगरवासियों का आह्वान किया कि वह अपने-अपने संबंधित बीएलओ अथवा ऑनलाइन माध्यम से ड्राफ्ट सूची में अपना नाम जरूर तलाश लें और अगर कोई समस्या हो तो तुरंत संपर्क करें। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्डवासी/नगरवासी की समस्या के समाधान में हर मुमकिन मदद की जाएगी।

# शादी का देकर झांसा, युवती को फांसा



**नूरपुर ( चिंगारी )।** एक युवती ने कस्बे के मोहल्ला कबीर नगर निवासी युवक सतनाम सिंह पर शादी का झांसा देकर गलत काम करने का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। बाद में युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। यही नहीं उसने अपने साथी सोनू व शरण कौर सन्नू के साथ मिलकर गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली

## पुलिस ने भेजा जेल

टीम में महिला उपनिरीक्षक वर्षा यादव व पुलिसकर्मी मनोज कुमार व असलम मौजूद रहे। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने युवक के चालान की पुष्टि की है।

# रामा कॉलेज के बीएड विभाग में माइक्रो टीचिंग वर्कशॉप का आयोजन

## माइक्रो टीचिंग की उत्पत्ति, अर्थ, महत्व और उपयोगिता पर हुई चर्चा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर के बी.एड. विभाग में सात दिवसीय माइक्रो टीचिंग वर्कशॉप का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ.डबलेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। माइक्रो टीचिंग वर्कशॉप में बी.एड. के छात्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वर्कशॉप में माइक्रो टीचिंग की उत्पत्ति, अर्थ, महत्तव, उपयोगिता, सूक्ष्म शिक्षण चक्र, शिक्षण कौशलों आदि पर चर्चा हुई। विभागाध्यक्ष डॉ. रवीश कुमार ने माइक्रो टीचिंग की उत्पत्ति पर क्रमबद्ध विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्रीमती मंजू जैन ने शिक्षण चक्र को समझाया। देवेन्द्र सिंह ने शिक्षण कौशल पर चर्चा की। निखिल भारद्वाज ने माइक्रो टीचिंग वर्कशॉप करने का उद्देश्य बताया। मुख्य अथिति डॉ. डबलेश कुमार ने छात्राध्यापकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वर्कशॉप का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, उपप्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रवीश कुमार, डीन डॉ.सी.डी. शर्मा, श्रीमती मंजू जैन, निखिल भारद्वाज, देवेन्द्र सिंह, मोनिका सिंह आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। डॉ. रवीश कुमार ने वर्कशॉप में आगंतुकों को अपना कीमती समय देने हेतु सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वर्कशॉप कोर्डिनेटर निखिल भारद्वाज ने किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ऐसी है ये गौशाला, पशुओं को नहीं दिया जा रहा हरा चारा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आरटीआई कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत ने नगर पालिका द्वारा संचालित सरकारी गौशाला में गौवंश की बेहतर ढंग से देखभाल न किये जाने का आरोप लगाते हुए जांच कराये जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिये गये शिकायती पत्र में वीरेन्द्र राजपूत ने महमूदपुर रोड पर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौवंशीय पशुओं को हरा चारा देने में अनियमितता बरती जा रही है। गौवंशीय पशुओं को भरपेट चारा नहीं दिया जा रहा, साथ ही कड़ाके की ठंड के बावजूद गौशाला में गौवंशीय पशुओं को पीने के लिए ठंडा पानी दिया जा रहा है। पत्र में गौशाला में रहने वाले गौवंशीय पशुओं को भरपेट चारा दिये जाने, ठंड के मौसम को देखते हुए उन्हें पीने के लिए ताजा पानी दिये जाने तथा पशुओं को ठंड से बचाने की व्यवस्था कराये जाने की मांग की गई है।

# तार में फंसा गुलदार, पकड़े जाने से पूर्व निकल भागा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह तार में फंसा गुलदार पकड़े जाने से पहले ही निकल भागा। चांदपुर के नजदीक गुलदार के होने से लोगों में भय व्याप्त है। यहां धनौरा रोड पर आइडियल स्कूल के पीछे एक गुलदार अमरूद के पेड़ में बंधे तार में फंसा गया, देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि जैसे ही वनकर्मी गुलदार को पकड़ने के लिए आगे बढ़े, तभी तार में फंसा गुलदार वहां से भाग गया।

# सेंट पीटर चर्च किरतपुर में उत्साहपूर्वक मनाया किसान दिवस




**किरतपुर ( चिंगारी )।** करूणा समाज सेवा संस्था कोटद्वार की उपशाखा सेंट पीटर चर्च किरतपुर में किसान दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में किरतपुर ब्लॉक के सैकड़ों किसान उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हूई। सर्वप्रथम सेंट पीटर स्कूल किरतपुर मैनेजर फादर बिजू ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। उसके पश्चात बिजनौर के जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने किसानों को सम्बोधित करते हुए किसानों का पंजीकरण बनवाने एवं उसके माध्यम से किसानों को सरकारी गल्ले का बीज उपलब्ध कराने हेतु जागरूकता बढ़ाई। हमारे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति बहुत अच्छी है। हमारा भारत कृषि प्रधान देश है, इसलिए प्रत्येक किसानों को अपने-अपने घरों में किचन गार्डन एवं पोषण वाटिका निर्माण करना चाहिए, ताकि सभी किसान केमिकल युक्त सब्जियों से बच सकें और इसमें जैविक खाद का उपयोग अवश्य करें। जैविक खाद से कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है। करूणा समाजसेवा संस्था कोटद्वार के निर्देशक फादर बाबु जोर्ज के द्वारा सभी किसानों का मार्गदर्शन किया गया। अन्य अतिथि देवा शंकर विंध्य मन्दिर के प्रबंधक रामबहादुर सर, किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय महासचिव पद्म सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिस्टर सोफिया, सिस्टर निकिता, सिस्टर जीनसिटा और समाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों, फादर बाबू और फादर बिजू द्वारा करुणा समाजसेवा संस्था के माध्यम से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली किशोरियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

# मोबाइल की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों के मोबाइल जलकर हुए खाक

## फायर ब्रिगेड व पुलिस ने अन्य दुकानें जलने से बचाईं



नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात रेलवे स्टेशन रोड स्थित मोबाइल की दुकान में भीषण आग लगने से नए-पुराने मोबाइल सहित लाखों रूपए का सामान आग में जल गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास की दुकानों को जलने से बचा लिया। क्षेत्र के ग्राम कल्हेड़ी निवासी शाह सैफी की रेलवे स्टेशन रोड पर एसबीआई के पास सिटी मोबाइल के नाम से दुकान है। दुकान में नए मोबाइल की ब्रिकी के साथ पुराने मोबाइलों की रिपेयेरिंग का काम किया जाता है। बीती रात दुकान स्वामी करीब आठ बजे दुकान को बंद करके गए थे। रात को करीब नौ बजे स्टेशन रोड के दुकानदार फुरकान जनरेटर वाले सहित कई लोगों ने मोबाइल की दुकान में धुंआ निकलते देखकर इसकी सूचना पहले तुरंत रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस चौकी पर दी। इसके बाद दुकान मालिक के मोबाइल पर कॉल कर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड को घटना के तुरंत बाद सूचना न देकर काफी देर से देने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंची जिससे दुकान में लगी आग भीषण रूप ले चुकी थी। दुकान मालिक ने बताया कि आग लगने के बाद वह कल्हेड़ी से चलकर नजीबाबाद अपनी दुकान पर पहुंच गये थे, मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी उनके आने के भी काफी देर बाद पहुंची जिससे उनका काफी नुकसान हुआ। आग में दुकान का पूरा फर्नीचर, नए पुराने मोबाइल, रिपेयर का सामान सहित लाखों रूपए का सामान जल गया। बताया जाता है कि बिजली के शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी। मौके पर मौजूद फायर स्टेशन के इंचार्ज केएस जादौन व रेलवे स्टेशन चौकी के दरोगा सौरभ सिंह ने बताया कि उन्होंने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया तथा उन्होंने अपने प्रयास से कई आसपास की दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

## महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर की प्रतिमाओं का वितरण करने का निर्णय

नजीबाबाद (चिंगारी)। तंवर तोमर राजपूत महासभा की बैठक राजवीर सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं नरेश कुमार तोमर के संचालन में सत्यपाल सिंह तोमर के निवास पर ग्राम हरगनपुर में आयोजित की गई। बैठक में राजवीर सिंह तोमर ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित बनाना व समाज की कुरीतियो को पूर्ण रूप खत्म करना जरूरी है। तोमर राजपूत समाज के संस्थापक आदि पुरुष एवं पूर्वज दिल्ली सम्राट महाराजा अनंगपाल सिंह तोमर की प्रतिमाओं का स्वजातीय बन्धुओं के घर-घर जाकर वितरण करने का निर्णय लिया गया। महासभा के महामन्त्री नरेश कुमार तोमर ने कहा कि तोमर राजपूत समाज के व्यक्तियों को अपने सदगुरू सप्तर्षि अत्री जी महाराज के उपदेशों पर अमल करना अत्यन्त जरूरी है, जिससे समाज तीव्र गति से उन्नति कर सके। प्रतिमा वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत समाज के निम्न व्यक्तियों अजय तोमर, मोहन तोमर, मदन तोमर, जयपाल सिंह तोमर, कुलदीप तोमर, हरपाल तोमर, दीपक तोमर, चन्द्रपाल तोमर, राजेश तोमर, महक तोमर, मुखराम तोमर, ललित तोमर, राजवीर तोमर, रूपक तोमर, शिव लाल तोमर, राजकुमार तोमर, जगदीश तोमर, ओमप्रकाश तोमर, कर्बीरेन्द्र तोमर, प्रेम सिंह तोमर, भोपाल तोमर, आकाश तोमर, अशोक तोमर, श्याम तोमर, अक्षय तोमर, मूलचन्द तोगर, शिव चरण तोमर कमल कान्त तोमर, संदीप तोमर, राजीव तोमर, सौरभ तोमर आदि सहित 50 प्रतिभाओं का वितरण तोमर राजपूत समाज के लोगों के घर-घर जाकर किया।

## श्रम विभाग ने जागरूकता शिविर में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश भवन निर्माण, कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित कर निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ श्रमिक पंजीकरण, नवीनीकरण आदि के संबंध में अजय नन्द त्रिपाठी श्रम परिवर्तन अधिकारी नजीबाबाद द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने ग्राम पीपली तहसील बिलारी (जनपद मुरादाबाद) स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह एवं कक्षा नौ प्रवेश के संबंध में श्रमिकों, ग्राम वासियों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए पात्र लोगों से उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अपील की। जिला पंचायत वार्ड नंबर तीन के गांव लाहककलां में उत्तर प्रदेश श्रम विभाग के अधिकारी अजय नन्द त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, दिवाकर शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राकेश कुमार, नकुल कुमार प्रजापति, जितेंद्र शर्मा, जकी अहमद खान, शाहरुख खान, नफीस अहमद, रशीद अहमद, शमशाद अंसारी, इकबाल अहमद आदि श्रमिक मौजूद रहे।



## ठंड पड़ रही भारी फिर भी किसानों का धरना जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन 9 वें दिन भी जारी है। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा वन विभाग द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार, भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों की जंग जारी है, किसानों की फसलों को नष्ट करना, किसानों पर मुकदमे करना अत्याचार है। उन्होंने किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दिलाने, किसानों को मिले जुले खाते में अलग खाता दिया जाने, भ्रष्टाचार में लिप्त वन विभाग द्वारा एनएच-74 पर किये गये नाला निर्माण की जांच कराने आदि की मांगें की गई। उन्होंने कहा कि लंबे आंदोलन चलाने के लिए किसानों को ट्रेनिंग प्राप्त है, किसानों ने 13 महीने दिल्ली में आंदोलन चलाया किसान अब भी लम्बे आंदोलन के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। लेकिन भ्रष्टाचार नहीं होने देंगे। लड़ाई आर-पार की होगी। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद किसान धरने पर डटे हुए हैं। सभा की अध्यक्षता बलराम सिंह एवं संचालन दुष्यंत कुमार ने किया। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, सोनू, प्रमोद, पप्पू, यूसुफ, अर्जेंद्र सिंह, शगुन, सत्यपाल,, विकार, जितेंद्र, विजय, नीतू, पवन, मोनू, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



डीएफओ आफिस पर धरने पर बैठे किसान।

## अंकिता भंडारी केस की सीबीआई जांच से क्यों घबरा रही है उत्तराखंड सरकार- खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने उत्तराखंड सरकार को एक पत्र लिखकर अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच तत्काल सीबीआई से कराने की मांग की है। श्री मंसूरी का कहना है कि आज तक उत्तराखंड की धामी सरकार ने अंकिता केस में जांच की जगह तथ्यों को छिपाने का काम अधिक किया है। ऐसा लगता है धामी सरकार अंकिता के मामले में आरोपी कुछ वरिष्ठ बीजेपी नेताओं को बचाने का घिनौना प्रयास कर रही है। घटना के तत्काल बाद धामी सरकार ने घटना स्थल पर बुलडोजर चलवा कर सबूत नष्ट करके अपनी गलत नीयत का परिचय दे दिया था। इस घटना से बीजेपी सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे की पोल खुल गई है। आसपा नेता ने कहा कि जब तक पर्वतीय बेटी को न्याय नहीं मिलेगा उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। चेयरमैन मंसूरी ने आरोप लगाया कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जो धामी सरकार बात बात पर जेहाद का झूठा आरोप लगाती है, अब पहाड़ की ही एक बेटी को न्याय दिलाने के लिए 11 जनवरी को उत्तराखंड के लोगों को देहरादून बंद का आव्हान कर बहरी सरकार को अपनी आवाज सुनानी पड़ रही है।

## ब्रिज पर एक्सपेंशन जॉइंट ठीक कराने को लिखा पत्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया गया था कि नगर पंचायत जलालाबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 119 व रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर पूर्व में करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण यूपी सेतु निगम द्वारा कराया गया था, वर्तमान में पुल के एक्सपेंशन जॉइंट तथा अन्य जगहों पर गड्ढे हो गए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में है। इस शिकायत के संबंध मे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक शशिकांत ने ब्रिज की मरम्मत के लिए देहरादून स्थित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक को पत्र लिखा है।



## हो न जाये हानि, नये पेयजल टैंक से मिल रहा दूषित पानी

### अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया

हल्दौर (चिंगारी)। नगर में बने नये पेयजल टैंक से हो रही दूषित जलापूर्ति से नगरवासियों को स्वास्थ्य संबंधी हानि का डर सता रहा हैं। लोगों ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा को ज्ञापन देकर नवीन पेयजल टैंक से मानक के अनुरूपशुद्ध पेय जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की हैं। मालूम हो कि नगर में पेयजल पुनर्निर्माण योजना के तहत नगर में करोड़ो रुपए की लागत से नई पेयजल टंकी का निर्माण कराया गया हैं, जिसके नवीन पेयजल टैंक से दूषित जल की आपूर्ति हो रही हैं। इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक समझते हुए नगर के छोटेलाल वर्मा, संजय वशिष्ट, सोनी कौशिक, तरुण भारद्वाज, संदीप दुबे, मदन वर्मा, अरुण कुमार, राजेश कुमार, मोनू वर्मा, अमिता, सावित्री देवल, आकाश द्विवेदी, तनुज चंद्रा, कपिल वालिया, उमेश कुमार, कृष्णा देवी कर्णवाल, हेमंत कुमार, चंद्रपाल सिंह, मोहित कुमार, खिलेंद्र सिंह, भोले चौहान आदि ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि नवीन पेयजल टैंक से नगर में दूषित जल की आपूर्ति हो रही हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए जानलेवा व हानिकारक हो सकती हैं। नगर पालिका द्वारा नगरवासियों से नवीन पेयजल टैंक से कनेक्शन करवाने और पुरानी टंकी बंद करने की मुनादी करवा दी गई। उन्होंने कहा नवीन पेयजल टैंक से संपूर्ण नगर में मानक के अनुरूप शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होने से पूर्व यदि पुराने पेयजल टैंक की पेयजल आपूर्ति बंद की गई तो संपूर्ण नगरवासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# जनसमस्याओं का समाधान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता : योगेश मेहरा

## एसडीएम ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को न्याय पंचायत श्यामपुर की ग्राम पंचायत खदरीखड़कमाफ में उप जिलाधिकारी योगेश मेहरा की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, दर्जाधारी राज्यमंत्री मधु भट्ट, दर्जाधारी मंत्री सुरेंद्र मोगा, उप जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन महिलाओं को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट तथा 10 लाभार्थियों को बेबी किट वितरित की गई। साथ ही, विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उप जिलाधिकारी योगेश मेहरा ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में न्याय पंचायत श्यामपुर सहित ऋषिकेश, गढ़ी मेहचक, गुमानीवाला, विस्थापित, रायवाला एवं भटोवाला क्षेत्र के ग्रामीणों ने भूमि, सड़क, पेयजल, समाज कल्याण एवं विद्युत से संबंधित समस्याएं प्रस्तुत कीं। बहुउद्देशीय शिविर में 1292 लोगों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।

## वनभूमि के सर्वे के दौरान निर्दोष लोगों पर दर्ज किये गये मुकदमे वापस लेने की मांग

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उच्च न्यायालय के आदेश ऋषिकेश के बापुग्राम, गुमानीवाला, अमित ग्राम सुमन विहार, सम्बंधित क्षेत्र में वन भूमि से संबंधित सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर इस संबंध में एक पत्र सौंपा और निवेदन किया कि इस प्रकरण में जिन निर्दोष नागरिकों को आरोपी बनाकर उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज किये गये हैं, उन्हें जनहित में वापस लिये जायें।

जब वन भूमि के सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर परिस्थितियों की गंभीरता के कारण क्षेत्र में असमंजस और भ्रम का वातावरण बन गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक वहां एकत्र हो गए। घटना के उपरांत बड़ी संख्या में नागरिकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महिला आयोग ने पत्र में उल्लेख किया है कि यह संपूर्ण घटनाक्रम किसी भी प्रकार के सुनियोजित विरोध या शासन-प्रशासन के प्रति अवमानना का परिणाम नहीं था, बल्कि परिस्थितिजन्य असमंजस एवं भय के वातावरण में उत्पन्न हुआ था। आयोग का कहना है कि अनेक निर्दोष नागरिक भी इन मुकदमों की जद में आ गए हैं, जिनमें से कई अपने परिवार के एकमात्र भरण-पोषणकर्ता हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से अपेक्षा जताई है कि सरकार इस पूरे प्रकरण को मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से देखते हुए निर्दोष नागरिकों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने के निर्देश प्रदान करे, जिससे प्रभावित परिवारों को मानसिक संबल मिले और शासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।



राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने सीएम को सौंपा पत्र

# शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल गढ़वाल कप

## दूसरे दिन पंजाब एवं चण्डीगढ़ की टीमें जीतीं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शशिधर भट्ट स्मृति खेल संस्था की ओर से राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 71वीं स्व. शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता गढ़वाल कप के दूसरे दिन दो लीग मुकाबले खेले गये, जिसमें खालसा पंजाब वारियर्स और वैलोसिटी चंडीगढ़ जीते। गढ़वाल कप के दूसरे दिन का पहला मुकाबला खालसा पंजाब वॉरियर्स और 90 मिनट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया।

पंजाब के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। पहले हाफ के 26वें मिनट में पंजाब के हरप्रीत ने दिल्ली के डिफेंस को भेदते हुए पहला गोल दागा। पहले हाफ के 30वें मिनट में पंजाब के खिलाड़ी नवदीप ने अपनी कलात्मकता का परिचय देते हुए दूसरा गोल दागा। दूसरे हाफ में दिल्ली की टीम ने गोल उतारने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। इस तरह पंजाब ने यह मैच 2-0 से जीता। दूसरे मैच में विदेशी मूल के खिलाड़ियों से सजी वैलोसिटी चंडीगढ़ और श्रीनगर एफसी के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ। पहले हाफ के 33वें मिनट में श्रीनगर के वरुण ने गोल कर चंडीगढ़ की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। दूसरे हाफ वैलोसिटी चंडीगढ़ ने गियर बदला। 50वें मिनट में मिली पेनल्टी को गोल में तब्दील कर टीम ने वापसी की। इसके बाद आशंगा, पतीशा और क्रिश्चियन ने गोलों की झड़ी लगा 5-2 के अंतर से जीत दर्ज की। रेफरी की भूमिका प्रकाश, ऋतिक नेगी, सुजल नेगी, शिवा चौधरी ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल सुरदीप गुसाईं ने सुनाया। इस मौके पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी एवं आयोजन समिति के सचिव सुनील रावत, अध्यक्ष अतुल भट्ट, शिवम नेगी, सिद्धार्थ रावत आदि मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा परिसर में 11 जनवरी को लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** दशम गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गत वर्षों की भांति ऋषिकेश, लक्ष्मण झूला रोड स्थित, गुरुद्वारा श्री हेमकुण्ट साहिब परिसर में 11 जनवरी, रविवार को प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में अलग-अलग रोगों के लगभग 60 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी चिकित्सीय सेवा के लिये उपस्थित होंगे। चिकित्सीय परामर्शानुसार दवाईयां, पैथोलॉजिकल टेस्ट, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा भी ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क होगी। स्वैच्छिक रक्तदान के लिए रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

# एसएसपी ने किया कोतवाली कोटद्वार का वार्षिक निरीक्षण



## आवश्यक निर्देश दिये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मंगलवार को कोतवाली कोटद्वार का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सलामी गारद का निरीक्षण किया। इसके बाद उनके द्वारा थाना अभिलेखों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का व्यवस्थित, गहन एवं बारीकी से निरीक्षण करते हुए थाना प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। मौके पर उन्होंने समस्त रजिस्टरों एवं अभिलेखों को उच्चकोटि, सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने हेतु,अपराधों से संबंधित अनावश्यक माल को थाने में न रखे जाने तथा जिन प्रकरणों में न्यायालयीय निर्णय हो चुका है, उनमें शत-प्रतिशत माल निस्तारण सुनिश्चित करने तथा निष्प्रयोज्य वाहनों एवं अनुपयोगी सामग्री का शीघ्र निस्तारण करने व सीसीटीएनएस पोर्टल, सी एम हेल्पलाइन व अन्य ऑनलाइन जनसेवाओं में की गई प्रविष्टियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए लंबित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश अधीनस्थों को दिये। साथ ही उन्होंने कर्मचारी बैरक का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने जनता व कोतवाली में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं व सुझावों को सुनते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए।

# गौड़ भ्रातृमण्डल ने किया मिलन समारोह आयोजित

## 'गौड़ वंशावली' पुस्तक का हुआ विमोचन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के सिमलना मल्ला के गौड़ भ्रातृमण्डल की ओर से सोमवार को मवाकोट स्थित एक बारातघर के सभागार में गौड़ भ्रातृमण्डल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर गौड़ वंशावली और गौड़ भ्रातृमण्डल पुस्तक का विमोचन भी किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण एवं विशिष्ट अतिथि नगर निगम के मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने संगठन की इस पहल की सराहना की। मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि आज रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। जो जड़ें हिल गई हैं, उन्हें खाद पानी देने की जरूरत है। गौड़ भ्रातृमण्डल इस दिशा में सराहनीय काम कर रहा है। वहीं अन्य वक्ताओं डॉ. सुशील कोटनाला, प्रो. सत्यव्रत रावत एवं प्रो. दशम सिंह नेगी ने भी रिश्तों की डोर को मजबूत बनाए रखने को ऐसे आयोजनों की परंपरा को जीवंत बनाए रखने पर जोर दिया। तत्पश्चात डॉ. अरविंद कुमार गौड़ द्वारा लिखित गौड़ वंशावली पुस्तक का विमोचन किया गया। इस दौरान गौड़ भ्रातृमण्डल के अध्यक्ष सोमप्रकाश गौड़, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मनवरलाल भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, मंडल अध्यक्ष आशीष रावत, सुमन चंद्र गौड़, संरक्षक चन्द्रमोहन गौड़ और उपाध्यक्ष अशोक गौड़ सहित भ्रातृ मंडल से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# शूटिर नाजिश विकार का शानदार कारनामा

## कांस्य पदक जीतकर बनाया रिकॉर्ड

बिजनौर (चिंगारी)। जिले के विख्यात निशानेबाज नाजिश विकार ने एक बार फिर नेशनल चैम्पियन शूटिंग प्रतियोगिता में कामयाबी के झंडे गाड़ते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया है। एक दिसम्बर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में हुई नेशनल चैम्पियनशिप शूटिंग कम्प्टीशन में शॉट गन की डबल ट्रेप स्पर्धा में नाजिश विकार ने देश भर के दिग्गज शूटरों से बाजी मारते हुए कांस्य पदक हासिल करने में सफलता प्राप्त की। नाजिश ने इस वर्ष शॉट गन की तीनों स्पर्धाओं ट्रेप, डबल ट्रेप व स्कीट में विख्यात निशानेबाज का खिताब हासिल किया व मेडल भी प्राप्त किया। नाजिश विकार ने पूरे भारतवर्ष में ऐसे तीसरे निशानेबाज बनने का गौरव हासिल कर लिया है, जिन्होंने एक ही नेशनल में शॉट गन की तीनों स्पर्धाओं में जीत हासिल कर मेडल अर्जित किया। ये कामयाबी नाजिश विकार की शानदार प्रतिभा, लगन व मेहनत को दर्शाती है। नाजिश विकार के इस कामयाबी से जनपद के शूटर्स व खेल प्रेमियों में जबर्दस्त उत्साह है। नाजिश विकार को मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा हुआ है।



# किन्नरों के दो गुटों में गहराता जा रहा है विवाद

## एक गुट पर कई इलाके छोड़ने व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर व झालू में रह रहे किन्नरों में हत्या के एक चर्चित मुकदमे के फैसले के बावजूद विवाद गहराता जा रहा है। बिजनौर में चांदपुर रोड पर रह रही रानी किन्नर व गंज में रहने वाली लता किन्नर ने आरोप लगाया कि झालू में रह रहे किन्नर उन्हें गंज, हीमपुर दीपा, नगीना व बढ़ापुर इलाका छोड़ने की खुली धमकी दे रहा है। यही नहीं उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाकर जान से मारने की चेतावनी भी दी जा रही है।



रानी व लता किन्नर ने दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि बढ़ापुर में रहने वाले किन्नर शबनम उर्फ सगीर व झालू में रहने वाले किन्नर मुस्कान, सलीम और अब्बास से उनका उनका गंज, हीमपुर दीपा, नगीना देहात और बढ़ापुर क्षेत्रों को लेकर वर्षों पुराना विवाद चला आ रहा है। इस विवाद को लेकर वर्ष 2013 व 2017 में किन्नर समाज के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में दो बार समझौता हो चुका है। इसके बावजूद 23 फरवरी 2018 को किन्नर शबनम द्वारा कथित रूप से जहर मिली मिठाई भिजवाने का आरोप लगाया गया, जिसे खाने से रानी किन्नर के एक चेले सहित दो भतीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में थाना किरतपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी को जेल जाना पड़ा था। यह मुकदमा 13 दिसंबर 2025 को कोर्ट में फाइनल हुआ, जिसमें रानी किन्नर स्वयं गवाह थीं। समझौते के तहत बयान वापस लेने पर आरोपी को राहत मिली। आरोप है कि इसके बाद भी किन्नर शबनम और उसका गिरोह रानी किन्नर व लता किन्नर को लगातार धमकाता रहा है।

पीड़ितों का कहना है कि उन्हें खुली धमकी दी जा रही है कि यदि उन्होंने गंज, हीमपुर दीपा, नगीना और बढ़ापुर का इलाका नहीं छोड़ा तो उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर जेल भिजवा दिया जाएगा, चाहे इसके लिए उन्हें अपने ही चेलों पर गोली क्यों न चलवानी पड़े। दोनों किन्नरों ने ये भी आरोप लगाया कि ये धमकियां उन्हें व्हाट्सएप ग्रुपों में वीडियो व ऑडियो संदेशों के जरिए भी दी जा रही हैं। लगातार मिल रही धमकियों से भयभीत रानी व लता किन्नर ने खुद की जान को खतरा बताते हुए निजी सुरक्षा गार्ड रखने की बात कही है। दोनों का कहना है कि उक्त गिरोहबंद किन्नरों के कारण उनका घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने बिजनौर थाना के प्रभारी निरीक्षक से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।






# महिला सभासद व महिला डॉक्टर के बीच चल रहे विवाद ने तूल पकड़ा

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाये गंभीर आरोप

बिजनौर (चिंगारी)। महिला डॉक्टर व महिला सभासद के बीच चल रहा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर जहां महिला सभासद ने डॉक्टर पर अभद्र व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, वहां महिला डॉक्टर का आरोप है कि सभासद पैसों के लिये उन्हें निराधार आरोप लगाकर परेशान कर रही हैं।

नगर के वार्ड नंबर 29 की महिला सभासद लक्ष्मी अग्रवाल का आरोप है कि डॉ. दीपिका ने मोहल्ला खत्रियान में डॉ. मदन मोहन के चौराहे के पास नगर पालिका के कुएं की जमीन पर अवैध रूप से अस्पताल बना लिया है। सभासद का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिससे खिन्न होकर डॉ. दीपिका अपने पति व अन्य लोगों को साथ लेकर उनके पति की सर्राफा दुकान पर पहुंची। उस समय सभासद भी दुकान पर मौजूद थीं।

महिला सभासद का आरोप है कि चिकित्सक दंपति ने उनके साथ अभद्रता की और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बंध में सभासद लक्ष्मी अग्रवाल ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

दूसरी ओर डॉ. दीपिका का कहना है कि सभासद जिस भूमि को नगर पालिका की बता रही हैं वह भूमि उनके ससुर की बैनामाशुदा भूमि है। डॉ. दीपिका ने बताया कि गत दीपावली पर कुछ लोग उनके अस्पताल के बाहर आतिशबाजी कर रहे थे। जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को दिक्कत हो रही थी। उक्त लोग टोकने पर जब नहीं माने तो उन्होंने पुलिस बुला ली। पुलिस ने उक्त लोगों को वहां से हटा दिया था। डॉ. दीपिका का कहना है कि उसी दिन से महिला सभासद उनसे रंजिश रख रही हैं और उन पर उल्टे सीधे आरोप लगा रही हैं। डॉ. दीपिका ने ये भी बताया कि वे और उनके पति महिला सभासद के पति की दुकान पर गये थे, लेकिन वहां उन्होंने कोई अभद्रता नहीं की। वे तो सिर्फ समझौते की बात करने गये थे। इस दौरान सभासद ने उनसे 6 लाख रुपये की डिमांड की। उन्होंने रुपये देने से मना किया तो महिला सभासद उन पर तरह-तरह के आरोप लगाने लगीं।